**Regarding need to undertake census of illegal immigrants in the country and to deport them to their respective countries-Laid**

**श्रीमितेशपटेल (बकाभाई) (आणंद) :** देश में अवैध घुसपैठियों के कारण देश में कई तरह की अनावश्यक समस्याएँ हो रही हैं। कई बड़े शहरों में चोरी, डकैती, सांप्रदायिक तनाव, और गंभीर प्रकार की आपराधिक घटनाओं में जांच में इन लोगों का नाम आता रहता है। कई बार तो इन्हें राष्ट्र की सुरक्षा के लिए चुनौती माना गया है। पिछली सरकारों ने राजनीतिक कारणों से घुसपैठियों के द्वारा होने वाली गंभीर समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया, न ही उनकी गणना की गयी। आज अवैध घुसपैठियों की कोई निश्चित संख्या देश के लोगों को पता नहीं है।मेरा सरकार से अनुरोध है कि देश में कितने अवैध घुसपैठिए हैं इनकी संख्या देश को पता होनी चाहिए, इसलिए इनकी गणना की जाए एवं संख्या सुनिश्चित होने पर इनको इनके देश में वापस भेजने की व्यवस्था की जाए।